# बहन बेटियों पर अभद्र टिप्पणी पर फूटा ब्राह्मण समाज का गुस्सा

## आईएएस संतोष वर्मा की बर्खास्ती करने की मांग, पुतला फूंका



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 26 नवम्बर, अजास्क के प्रांतीय सम्मेलन में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा अपने भाषण में ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने से पूरे प्रदेश भर में बवाल खड़ा हो गया है. इसी विषय अंतर्गत बुधवार को गंज बासौदा में भी ब्राह्मण समाज एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन, तहसीलदार को सौंपा. ब्राह्मण समाज के सैंकड़ों लोगों ने शहर थाना पहुंचकर संतोष वर्मा पर प्रदेश की शांति व्यवस्था भंग करने एवं जन भावनाओं को आहत करने पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की.**

ज्ञात हो कि 23 नवंबर को भोपाल में अजाक्स का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया गया था. जिसमें प्रांत अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते समय आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने अपने भाषण में कहा कि मेरे परिवार को आरक्षण का लाभ तब तक मिलना चाहिए, जब तक कोई ब्राह्मण, मेरे लड़के को अपनी बेटी की दान ना कर दे अथवा उससे संबंध ना बना लें.

ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा की टिप्पणी के बाद से ही पूरे प्रदेश भर में इस बयान की निंदा हो रही है.बुधवार को ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में सैकड़ो लोग एक रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे एवं वहां उपस्थित तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में प्रमुखता से कहा गया कि मध्य प्रदेश शासन के अधीन कार्यरत एक विकृत एवं कुंठित मानसिकता से ग्रस्त आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर अत्यंत ही अभद्र एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई है. शासकीय पद पर बैठे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई इस प्रकार की टिप्पणी से संपूर्ण भारत के प्रबुद्ध नागरिक एवं ब्राह्मण समाज क्षुब्द एवं आक्रोशित है.एक संवैधानिक एवं जिम्मेदार पद पर बैठे हुए अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज को निशाना बनाकर, हमारे मान- सम्मान मर्यादा एवं परिवारों पर सीधा हमला किया गया है. जो कि अक्षम्य है.संतोष वर्मा के इस कृत्य से देश एवं प्रदेश की शांति व्यवस्था सद्भावना पर भी कुठाराघात हुआ है. ऐसी कृत्यों से समाज की शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है.ब्राह्मण समाज की उपस्थिति लोगों ने यह मांग भी की है कि संतोष वर्मा जैसे कुंठित एवं विकृत मानसिकता तथा निम्न स्तरीय सोच रखने वाले शासकीय अधिकारी के विरुद्ध तुरंत कठोर कार्यवाही की जाए, उचित विधि सम्मत धाराओं में आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए तथा इसको शासकीय सेवा से बर्खास्त किया जाए. समाज द्वारा यह चेतावनी भी दी गई कि यदि उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए भी शासन कोई कठोर कार्यवाही नहीं करता तो ब्राह्मण समाज, उग्र आंदोलन के लिए विवश हो जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.तहसील परिसर में ज्ञापन के पश्चात ब्राह्मण समाज लोगों ने शहर थाना पहुंचकर एसडीओपी शिखा भलावी से संतोष वर्मा के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की.इस दौरान माहौल काफी गर्म रहा। एसडीओपी शिखा भलावी को ब्राह्मण समाज से एक लिखित आवेदन दिया है और 3 दिन में उक्त आवेदन पर जांच एवं कार्यवाही की मांग की है.इस दौरान ब्राह्मण समाज द्वारा जय स्तंभ चौक पर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा का पुतला भी फूंका गया.

### सिरोंज में भी आईएएस अधिकारी की विवादित टिप्पणी से विप्रजन आक्रोशित

अजाक्स प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर विप्रजन आक्रोशित हो गये. इस दौरान सिरोंज में भी सर्व ब्राह्मण महापंचायत सिरोंज के तत्वाधान में ब्राह्मणों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी से संपूर्ण देश के ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है. जिम्मेदार पद पर बैठे हुये इस आईएएस अधिकारी द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी कुण्ठित मानसिकता को दर्शाती है. तथा इनकी टिप्पणी से पूरे ब्राह्मण समाज को आघात पहुंचा है. उन्होंने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को पद से निष्कासित करने तथा उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की. इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे.

# हाट बाजार के दिन बस चालक होते परेशान

## बस स्टैंड पर बनती स्थिति



**नवभारत न्यूज**
**पठारी 26 नवम्बर, नगर के मुख्य बस स्टैंड पर हॉट बाजार के दिन बस चालकों को बस स्टैंड पर बस मोड़ने और खड़े करने में होती है.समस्या स्टैंड कंडक्टर वरुण दुबे जसवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि हॉट बाजार के दिन ग्रामीण क्षेत्र से बाजार करने के लिए आने वाले नागरिक बस स्टैंड पर अपनी टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर बहनों को बेदर्दी तरीके से अपने बहनों को लॉक कर खड़ा करके चले जाते हैं जिससे बस चालक को बस को मोड़ने में काफी समस्याएं होती हैं.**

स्टैंड कंडक्टर वरुण दुबे जसवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि कई बार शासन प्रशासन को समस्या को लेकर लिखित में शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन अभी तक कोई भी सख्त कदम नहीं उठाया गया जिसके चलते मुख्य बस स्टैंड पर ऑटो टू व्हीलर वाहन फोर व्हीलर एवं दुकानदारों द्वारा बस स्टैंड ग्राउंड पर हाथ ठेले एवं नीचे दुकान लगने से बस स्टैंड परिषद पर जगह नहीं बचती है जिसके चलते बस चालक के कई बार ग्रामीण क्षेत्र से आए नागरिकों के वाहनों में बस लगने से विवाद की स्थिति बन चुकी है बस चालक एवं स्टैंड कंडक्टर ने शासन प्रशासन से हाट बाजार के दिन बस स्टैंड को अतिक्रमण से मुक्त कराकर बसों को व्यवस्थित खड़े करने की व्यवस्था करने की मांग की है जिससे कि बस से आने-जाने वाली सवारियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े.

# फरार आरोपी पर दो हजार नगद इनाम की घोषणा

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना कोतवाली विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दो हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है.**

थाना कोतवाली विदिशा में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 424/2025 का फरार आरोपी यश पुत्र शंकरलाल डिडोत निवासी रायसेन गेट विदिशा की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालो के लिए दो हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है. सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा.

## एक नजर में

### पराली जलाने की शिकायत पर अधिकारियों ने की मौके पर जांच

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** ग्राम खिरिया में पराली जलाने की शिकायत पर कृषि विभाग की टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई.कृषि विभाग के एसएडी आशीष आर्य के द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार हल्का पटवारी एवं कृषि विस्तार अधिकारी सोमवार 24 नवंबर को गांव पहुंचे. टीम ने सेटेलाइट से प्राप्त नरवाई जलने के लोकेशनकृअक्षांश 23.95721 तथा देशांतर 78.00096, की 21 नवंबर के आधार पर स्थल निरीक्षण किया. जांच के दौरान संबंधित भूमि खसरा नंबर 11, मालिकाना हक गिरिजा बाई राघुवंशी पति बालाराम रघुवंशी के नाम दर्ज पाया गया। मौके पर निरीक्षण करने पर पाया गया कि उक्त भूमि पर गेहूं की बोनी हो चुकी है तथा दिए गए सर्वे नंबर एवं लोकेशन पर पराली जलाने के कोई प्रमाण नहीं मिले. पंचनामा मौके पर ही तैयार किया गया तथा संबंधित व्यक्तियों को पढ़कर सुनाया गया.

# विधायक ने पंचायत पहुंचकर एसआईआर की ली जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर,** क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने आज ग्यारसपुर ग्राम पंचायत पहुंचकर चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की जमीनी हकीकत की जानकारी ली.इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के सभी पोलिंग बूथों पर कार्यरत बीएलओ से मुलाकात कर मतदाता सूची सुधार एवं नाम जोड़ने-हटाने की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की.बीएलओ के द्वारा अवगत कराया गया कि ग्यारसपुर पंचायत में 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य भी तेजी से किया जा रहा है. विधायक रघुवंशी ` सभी बीएलओ के दायित्व निर्वहन एवं उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया.इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, महामंत्री शिवराज रघुवंशी, मुकेश सोनी, प्रताप सिंह रघुवंशी, स्वदीप रघुवंशी,सरपंच राजू कुशवाहा, एसडीएम शशि मिश्रा, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, तहसीलदार सौरभ मालवीय, महेश कुशवाहा, सचिव नरसिंहदास बैरागी, रोजगार सहायक शिवानी चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

# कांग्रेसियों ने किया स्मार्ट मीटर, बिजली कटौती का विरोध



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज**, सिरोंज क्षेत्र में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर एवं बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने बुधवार को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा. इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता वाहनों के माध्यम से रैली की शकल में तहसील पहुंचे. जहां पर उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा को एक ज्ञापन दिया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि सिरोंज क्षेत्र में मध्यप्रदेश बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है. वही जहां स्मार्ट मीटर लगाये गये है, वहां पर बिल अधिक आने की शिकायतें भी सामने आ रही है. उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा मंत्रालय पहले इन स्मार्ट मीटरों की तकनीकी जांच कराये. क्योंकि वर्तमान मीटरों और स्मार्ट मीटरों की रीडिंग में अंतर आने की शिकायतें सामने आ रही है. जिस कारण लोगो के अधिक राशि के बिजली बिल आ रहे है. उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है, उपभोगता न तो मीटर के वास्तविक आंकडे समझ पा रहे है.इससे उपभोक्ता मानसिक, आर्थिक और तकनीकी परेशानी झेल रहे है. एवं कई जिलों में गरीब, मध्यम वर्गीय उपभोक्ता परेशान हो रहे है. उन्होंने मांग की कि उपभोक्ताओं से अनुमति लेकर ही स्मार्ट मीटर लगाये जावे. वही उन्होंने कहा कि सिरोंज एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बिजली कटौती की जा रही है. हालात यह है कि दिन में 4-5 घंटे की कटौती हो रही है. जिस कारण रहवाासियों, ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने उपभोक्ताओं की अनुमति लेकर ही स्मार्ट मीटर लगाये जाने तथा बिजली कटौती ना किये जाने की मांग की. इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष ईरशाद गौरी, केसर खान, भरतदीप मेहता, अशोक यादव, राकेश शर्मा, अवध शर्मा, रजत, सुशीला बाई, सुब्हान, कमल सिंह यादव, राजेश दिनकर, सादिक, सलीम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# आप कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया. वही उन्होंने संविधान दिवस पर स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शपथ ग्रहण की. इस मौके पर आप के जिला सचिव रजत सक्सेना ने कहा कि आज का दिन हम सभी भारतीयों के लिए वह क्षण है, जब हम अपने महान संविधान को नमन करते हैं. जिसने हमें हर कदम पर न्याय, समानता और स्वतंत्रता की राह दिखाई. उन्होंने आम आदमी पार्टी के स्थापना के बारे में बताया. इस दौरान वाजिद, सोहेल, अमोल सिंह, रविन्द्र सिंह, रवि कुशवाह आदि मौजूद रहे.

# सैण्ट एसआरएस स्कूल के बच्चों ने जिला स्तर पर जीता गोल्ड

## जैव विविधता प्रतियोगिता में अब सीधे राज्य स्तर पर होंगे शामिल

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा आयोजित प्रदेश की जैव विविधता पर जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया. संस्था की छात्रा कु.तान्या शर्मा कक्षा बारह, छात्र मनीष विश्वकर्मा कक्षा दसवीं, एवं कु. मुस्कान जाटव कक्षा ग्यारह की संयुक्त टीम ने जैव विविधता पर लिखित एवं मौखिक तरीके से विभिन्न चरणों में सम्पन्न प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया.प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम अब सीधे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगी.**

प्रशिक्षिका प्रियंका अग्रवाल एवं सौहेल अंसारी ने बताया कि म.प्र. जैव विविधता बोर्ड, एवं वन विभाग द्वारा प्रदेश की जैव विविधता के प्रति जागरूकता लाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती हैं.जिला स्तर पर करीब पांच दर्जन से ज्यादा स्कूली टीमों ने भाग लिया था.सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल की टीम गोल्ड मेडल जीतकर सीधे राज्य स्तर पर जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता वर्ष 2025 के लिए चयनित हुई है.यह प्रतियोगिता भोपाल में आगामी माह में सम्पन्न होगी. विजेता टीम के छात्र-छात्राओं को संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, कोर्डिनेटर कुमारी प्रियंका अग्रवाल ,प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, एन.एस.एस. प्रभारी के. पी. एस .चौहान, सुपार्श जैन, दीपेश मीणा, दिनकर कद्रे सहित शिक्षक परिवार ने बधाई देते हुए राज्य स्तर के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित



सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


# बच्चों को स्वेटर बांट शाला प्रभारी की व्यवस्थाओं की सराहना




**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार के बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित करने पहुंचे व्यापार महा संघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी ने कहा यदि शिक्षक ईमानदारी से प्रयास करे तो शाला के छात्रों को शिक्षा और शाला को खूबसूरत कैसे बनाया जाता है यह चरितार्थ किया है शासकीय शाला कालापठार के प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने यहां आकर मन प्रसन्न हो गया.**

वहीं भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी ने कहा कि अधिकतर शासकीय शालाओ मे मेहनत मजदूरी करने बाले पालकों के बच्चे ही पडते है जो प्राय पूर्ण सुबिधाओं से बंचित ही रहते हैं और इहा आकर ब्यबस्थाए देखकर लगा कि शालाप्रभारी निरंतर इस प्रयास में रहते हैं. सौरभ शर्मा पूर्ब सरपंच सकरौली ने कहा कि बच्चे ईश्वर का स्वरूप होते हैं आज इन बच्चो को स्वूटर वितरित करते हुए जो आनंद प्राप्त हो रहा है. समाजसेवी कुलदीप रघुवंशी ने कहा कि हमने बहुत सी प्राइबेट से लेकर शासकीय शालाए देखी है लेकिन ऐसी सुव्यवस्थित साफ स्वच्छ मनमोहक शाला हमने नहीं देखी..इस अबसर पर प्रथ्वीसिंह रघुवंशी, गोपालदास अहिरबार ,आरती अहिरवार और छात्र छात्राए उपस्थित थे.

# सिरोंज विधानसभा के 14 मतदान केंद्र पर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का कार्य इन दिनों जोरों पर है. सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के 254 में से 14 मतदान केंद्रों पर एसआईआर के तहत शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है. तहसील स्थित निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में करीब 2 लाख 26 हजार 424 मतदाता है. जिनके लिये निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का कार्य इन दिनों जोरों पर है. सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में 254 मतदान केंद्र है. जिनमें से 14 मतदान केंद्रों पर एसआईआर के तहत शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है. जिनमें मतदान केंद्र क्रमांक 39 सुनखेर- 2, 50 रेंगना, 78 नागौरी, 83 मुडरासागर, 93 इस्लामनगर, 116 देहरी मजरा टोकरा, 132 सेमरा, 136 मुडराघाट, 141 भगवन्तपुर- 3 158 हिनौतिया, 168 भियांखेड़ी, 170 कंसी, 184 कचनारिया, 247 चंद्रहाई मतदान केंद्र शामिल है. अभी तक सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में 80.24 प्रतिशत मतदाताओं के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया.

# नल जल योजना के लिये खोदी नाली, रिपेयरिंग में ठेकेदार कर रहा घटिया कार्य



**नवभारत न्यूज**
**पठारी, विगत दिनों नल जल योजना को लेकर नगर के प्रीति एक वार्ड में पाइपलाइन बिछाने के लिए सीसी सड़क को ठेकेदार द्वारा खोदा गया था जिसे लगभग 7 से 8 महीने तक सीसी सड़क को खोदकर छोड़ दी गई थी जिससे नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी.जिसको लेकर कई बार नागरिकों ने पंचायत एवं ठेकेदार से शिकायत की शिकायत के बाद ठेकेदार द्वारा खुदी ही हुई सीसी सड़क की नली को रिपेयरिंग करने का कार्य शुरू कर दिया गया है. लेकिन सीसी सड़क पर खुदी हुई.**

नाली की रिपेयरिंग में ठेकेदार द्वारा घटिया कार्य किया जा रहा है. जिससे नागरिकों को आवागमन में काफी समस्याएं आ रही हैं.बीएसएनएल टावर से छोटी माता मंदिर तक की सीसी सड़क पर बह रहे पानी एवं ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क की नली पर घटिया कार्य से टू व्हीलर वाहन सीसी सड़क की नाली से फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो रही है जिससे कई नगरी के चोटिल हो गए हैं नागरिकों ने शासन प्रशासन से सीसी सड़क की नली पर हो रही रिपेयरिंग के कार्य में सुधार की मांग की.

## प्रवचन

### बाबा रामदेव दरबार में नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

# भगवान की कथा सभी समस्याओं का समाधान, और जितनी श्रद्धा, उतना फल-प्रेमभूषण महाराज



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, श्री राम चरित मानस ऐसा ग्रंथ है जिसमें सभी समस्याओं का समाधान है. कथा में आपकी जितनी श्रद्धा होगी उतना ही फल आपको मिलेगा.जो भगवान की कथा से जुड़ गया, वह जीवन जीने की कला सीख सिखाते हुए भव से पर हो गया.जिसके जीवन में परंपरा है, उसी का जीवन संस्कारों से पुष्ट होता है.जिस परिवार में पाँच पीढ़ियों तक परंपरा की स्मृति जीवित हो, वही वास्तव में श्रेष्ठ है.**

कथा सुनना और सुनाना भी सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है. भगवान की कथा पाँच प्रकार से सुनी जाती है ज्ञान से, बुद्धि से, तर्क से, भावना और भक्ति से उक्त उद्गार राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव जी मंदिर में मंगलवार से प्रारंभ हुई नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के शुभारंभ मौके पर विश्वविख्यात रामकथाकार पूज्य प्रेममूर्ति श्री प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यक्त किए.

मालूम हो कि राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव दरबार परिसर में आयोजित विभिन्न देव विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा, श्री रुद्र महायज्ञ के निमित्त नौ दिवसीय संगीतमय राम कथा का आयोजन हो रहा है, श्रीरामकथा के शुभारंभ पर पूज्य महाराज श्री ने कहा कि सनातन धर्म में ऋषि परंपरा, कुल परंपरा और लोक परंपरा सदैव प्रधान रही है. संसार कौन क्या गलत कर रहा है, यह सोचने का विषय नहीं. चिंतन इस बात का होना चाहिए कि हम उच्चतम क्या कर सकते हैं.उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में सभी सद्ग्रन्थों का सार एक ही ग्रंथ में निचोड़कर रख दिया है.शयदि कोई इस रस का पान करना चाहे तो मार्ग अत्यंत सरल है कथा श्रवण सत्संग में चुपचाप बैठ जाएँ—रामचरण अनुराग स्वत: प्राप्त होता है.महाराज श्री ने कहा कि परंपरा ऊपर से नीचे की ओर बहती है. यदि हम नई पीढ़ी में संस्कार अंकुरित करना चाहते हैं तो शुरुआत स्वयं हमें करनी होगी.तीसरी पीढ़ी आने से पहले यदि घर में रोज़ रामचरितमानस पाठ की परंपरा शुरू कर दी जाए, तो बच्चों में स्वत: ही संस्कारों का प्रस्फुटन होने लगता है.बाबा रामदेव मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित हरिनारायण पाठक जी महाराज के संकल्प से प्रारंभ हुई कथा में पूज्य प्रेमभूषण जी ने कहा यदि हम रामजी के चरणों में अनुराग चाहते हैं तो बस चुपचाप सत्संग में बैठ जाएँ.इच्छा स्वत: पूर्ण होती है.व्यक्ति महत्त्वपूर्ण नहीं होता, उसकी प्रशंसा कौन कर रहा है यह महत्त्वपूर्ण होता है.सुकृत्य करने वालों की प्रशंसा तो समय स्वयं करता है.

कथा के मुख्य यजमान अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री, धाम के प्रधान सेवक श्याम भैया, शरद पाठक, गगन दुबे, भारत सिंह यादव, अमित सिंह सहित अनेक भक्तों ने व्यासपीठ पूजन व आरती में सहभागिता की.पूज्य महाराज श्री के सुमधुर भजनों ने सभा को भावविभोर कर दिया. बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु झूमते, हरिभक्ति रस में डूबे दिखाई दिए.

# साफ-सफाई को लेकर जागरुकता अभियान जारी

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** 19 नवंबर से 30 नवंबर तक विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य में पखवाड़ा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत पठारी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की कई ग्राम पंचायतों में संस्थागत शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, घर-घर से कचरा संग्रहण तथा नालियों की सफाई जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं.अभियान के दौरान आम जनता को स्वच्छता के महत्व, नियमित शौचालय उपयोग, गंदगी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं साफ-सफाई बनाए रखने के संदेश भी दिए जा रहे हैं. कुरवाई जनपद के सीईओ आयुष अग्रवाल के निर्देशन और सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी की देखरेख में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है.



# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने फूंका पुतला

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को वीआईटी विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया गया. सिरोंज नगर मंत्री आशीष शर्मा ने बताया की जिस प्रकार से बीते रात वीआईटी विश्वविद्यालय में वहां पढाई कर रहे छात्रों से क्रूरता पूर्वक व्यवहार किया गया है. वह निंदनीय है. विभाग छात्रा प्रमुख वंदना यादव ने बताया की जब छात्र-छात्राओं ने इसका विरोध किया तो विश्वविधालय प्रशासन द्वारा सुरक्षा कर्मियों के द्वारा बल प्रयोग करते हुये उनके साथ मारपीट की जाती हैं. बीट विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही अभद्र घटना निंदनीय है. विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के साथ हो रहे अन्याय एवं दुर्व्यवहार को नहीं सहेगी. उन्होंने बीट विश्वविद्यालय प्रशासन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की. जिसमें नगर अध्यक्ष आयुष सक्सेना, नगर मंत्री आशीष शर्मा, अंशुल रघुवंशी, राज शर्मा, प्रिंसी माथुर, शिवम सेन, कृष्णा सोनी, एनी सोनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.